रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2026 / 2445 जबलपुर दिनांक 31/3/2026

संशोधित अधिसूचना

अधिसूचित है कि विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक / परीक्षा / 2026 / 2424 दिनांक 6 / 03 / 2026 के तारतम्य में विश्वविद्यालयीन सत्र मई–जून 2026 स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए स्नातक (बी.ए. / बी.काम.) / बी. एससी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (नवीन शिक्षा पद्धति) के नामांकन करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाइन के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित किया जाता है। पहले विद्यार्थी क्योस्क में जाकर नामांकन करेंगे । नामांकन करने के पश्चात् नामांकन की हार्ड कापी में दिये गई एप्लीकेशन आईडी के आधार पर अपना परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भर सकेंगे । (स्वाध्यायी विद्यार्थी नियमित विद्यार्थियों के साथ ही परीक्षा में सम्मिलित होंगे ।)

तिथियां

आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने एवं नामांकन करने की तिथि	12.03.2026 से 08.04.2026 तक
विलंब शुल्क 100 / – के साथ	10.04.2026 तक
विलंब शुल्क 750 / – के साथ	13.04.2026 तक

परीक्षा शुल्क का विवरणः–	स्वाध्यायी छात्र	पूरक छात्र	भूतपूर्व छात्र
बी.ए. / बी.काम. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष	2575 / –	1685 / –	2575 / –
बी.एससी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष	2685 / –	1785 / –	2685 / –

टिप्पणीः–1. जिन विद्यार्थियों ने हायर सेकण्डरी की परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण की है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र न भरें। यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उसकी जबाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी तथा परीक्षा शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा।

2. माध्यमिक शिक्षा मंडल से जो बोर्ड मान्य होंगे उन्हीं छात्रों को स्नातक स्वाध्यायी परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण कक्षा 12 वीं की अंकसूची का संबंधित महाविद्यालय भलिभांति परीक्षण कर छात्र को तत्काल पात्र एवं अपात्र की सूचना देवें।

नोटः– विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा करने पर रूपये 100 / – प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा ।

(1) इस प्रकिया के अंर्तगत छात्र एम.पी. आनलाइन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवायें आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगी। छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा। छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरतें।

(2) छात्र एप्लीकेशन नंबर से प्राइवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करेगा। नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र द्वारा संबंधित महाविद्यालय पर जमा की जायेगी।

(3) तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण करेगा एवं एप्रूवल Approvel करेगा जिसके पश्चात् Admit card एवं Second Signature Sheet जनरेट होगी। Online आवेदन की हार्डकापी

अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 07/04/ 2026 तक विश्वविद्यालय में जमा करें। परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है:–

1. जन्मतिथि प्रमाणपत्र 2. अंकसूची 3. माइग्रेशन/टी.सी. सर्टिफिकेट 4 गैप सर्टिफिकेट

(4) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय छात्र/छात्राओं से परीक्षा संचालन शुल्क 300/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 350/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 15/04/2026 तक जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 350/–रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे ।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Portal)** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगें ।

कुलपति जी के आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2026/2449 "अ"

जबलपुर, दिनांक 31/3/2026

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः–</u>

01. प्राचार्य समस्त संबंद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाएं छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।
02. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. आनलाईन को अग्रेषित करे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की तैयारी करें।
03. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
04. विश्वविद्यालय बेबवाइड ।
05. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्मानीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्र हित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार माध्यम के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें।

परीक्षा नियंत्रक

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर